**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**15.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने समाज के व्यापक हित में आयुर्वेद में आधुनिक तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में आज सौश्रुतम् 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार ने नई ऊर्जा के साथ आयुर्वेद और योग को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा की प्राचीन परंपरा को वैज्ञानिक मानकों पर स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुष मंत्रालय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवा के वैश्विक मानकीकरण को मजबूत करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर काम कर रहा है।

---

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर के बस स्टैंड के समीप रानी झांसी पार्क में निर्मित 13 नई दुकानों का लोकार्पण और नगर निगम कार्यालय के भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये नई दुकानें स्थानीय व्यापार को बढ़ाने, छोटे व्यवसायियों के सपनों को नई उड़ान देने और अनेक परिवारों की आजीविका को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है।

---

**स्किल इंडिया मिशन**

स्किल इंडिया मिशन की आज 11वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में इस मिशन की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य युवाओं को आधुनिक और बाज़ार की माँग के अनुरूप तकनीकी व व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें रोज़गार, उद्यमिता और सतत आजीविका के लिए सक्षम बनाना है।

---

**राजीव बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने सिरमौर जिला में गिरिनगर पॉलिटैक्निक सड़क के निर्माण कार्य में हुई अनियमिततओं को लेकर लोक निर्माण विभाग की कड़ी आलोचना की है। नाहन में

आज रामपुर–भारापुर पंचायत के एक प्रतिनिधिमण्डल ने राजीव बिंदल से मुलाकात कर उन्हें गिरिपार पॉलिटैक्निक सड़क निर्माण के चलते लोगों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया।

बिंदल ने कहा कि अव्यवस्थित निर्माण कार्य से लोगों के घरों के आसपास मिट्टी भर गई है और लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने इस समस्या का जल्द समाधान और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की सरकार से मांग की है।

---

## जागरूकता अभियान

कांगड़ा जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीर बहादुर ने बताया कि पिछले एक महीने से पुलिस की टीमें स्कूलों, कॉलेजों, आई.टी.आई. और विश्वविद्यालयों में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पंचायत प्रतिनिधियों और वार्ड सदस्यों के सहयोग से ऐसे क्षेत्रों की पहचान की जा रही है जहां नशाखोरी या मादक पदार्थों की तस्करी की सम्भावना अधिक है।

---

## कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की धर्मशाला में 16 और 17 जुलाई को प्रस्तावित बैठक स्थगित हो गई है। ये बैठक पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की व्यस्तता के कारण स्थगित हुई बताई जाती

---